# वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में, न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 10 नवंबर।

राजधानी में गुरुवार को वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में दर्ज की गई, जबकि अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि बुधवार के मुकाबले गुरुवार को पराली से होने वाले प्रदूषण में इजाफा हुआ, यह पांच फीसद से बढ़ कर आठ फीसद हो गया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 16.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 295 दर्ज किया गया। दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर 'बहुत खराब' से 'खराब' श्रेणी में आने पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने कहा कि वह प्रतिबंधों को लेकर 11 नवंबर को स्थिति की समीक्षा करेगा। एक अधिकारी ने पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी।

आयोग क्रमिक कार्रवाई कार्ययोजना (जीआरएपी) के तीसरे चरण (बहुत खराब) के तहत दिल्ली–एनसीआर में प्रतिबंध हटाने पर फैसला ले सकता है। जीआरएपी के तीसरे चरण के तहत दिल्ली–एनसीआर में आवश्यक परियोजनाओं को छोड़कर सभी निर्माण और विध्वंस कार्य प्रतिबंधित हैं। ईंट भट्ठों, हाट मिक्स प्लांट और स्टोन क्रशर को भी संचालित करने की अनुमति नहीं है। सीएक्यूएम ने एक बयान में कहा है कि सीएक्यूएम दिल्ली–एनसीआर के बदलते वायु गुणवत्ता परिदृश्य पर कड़ी नजर रख रहा है और जरूरत के हिसाब से उचित निर्णय की खातिर स्थिति की व्यापक समीक्षा के लिए कल एक बैठक बुलाएगी।

मौसम विभाग ने बताया कि शाम साढ़े पांच बजे सापेक्षिक नमी 62 फीसद थी। दिन में प्रदूषण में कमी लाने के लिए शहर में सड़कों पर पानी का छिड़काव व धूल हटाने की कोशिश जारी रही। 'सफर' के मुताबिक बुधवार को दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने की घटना में कमी आई थी, जबकि आज यह फिर बढ़ कर आठ फीसद हो गया है।

## गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों की सेहत पर प्रदूषण का बुरा असरः विशेषज्ञ

**जनसत्ता संवादादाता**
नई दिल्ली, 10 नवंबर।

दिल्ली–राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता खराब होने के बीच स्वास्थ्य विशेषज्ञों की राय है कि प्रदूषण से गर्भवती महिलाओं पर नकारात्मक असर पड़ सकता है, जिसके कारण समय पूर्व प्रसव, नवजात का वजन कम या उसमें अन्य विसंगतियां होने के खतरे हो सकते हैं। राजधानी में हवा की गुणवत्ता बिगड़ने पर डाक्टरों ने गर्भवती महिलाओं को सलाह दी है कि जितना संभव हो, घरों में रहें।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने गर्भवती महिलाओं, 60 साल से अधिक उम्र के लोगों और पांच साल से छोटे बच्चों को खराब वायु गुणवत्ता के जोखिम और स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों से सचेत किया है। हाल में जारी एक उपग्रह चित्र में भारत में एक कचरा स्थल के पास बड़ी मात्रा में मीथेन देखी गई।

यशोदा अस्पताल हैदराबाद के डा विश्वेश्वरन बालासुब्रमण्यम ने कहा, 'यह बात कोई रहस्य नहीं है कि इस गैस से मानव शरीर में हृदय, फेफड़े, कान–नाक–गला और त्वचा संबंधी परेशानियों का सबब बनती है।' गर्भवती महिलाओं को घर से बाहर निकलते समय एन–95 मास्क पहनने की सलाह देते हुए डा विश्वेश्वरन ने कहा, 'ऐसे माहौल में सबसे अधिक जोखिम में गर्भवती महिलाएं हैं।' उन्होंने कहा कि अध्ययन बताते हैं कि इस तरह के माहौल में गर्भवती महिलाओं को समय से पहले प्रसव पीड़ा होने का खतरा होता है और इसके साथ ही जन्म के समय बच्चे का वजन कम होने, उसके फेफड़े अविकसित होने और बच्चे में कई अन्य घातक स्थितियों का खतरा होता है।

## 'विश्वरंग' का चौथा संस्करण 14 नवंबर से

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 10 नवंबर।

साहित्य, संस्कृति और कलाओं के विविध रंगों के बीच संपूर्ण विश्व को शांति और सद्भावना का संदेश देता 'विश्वरंग' अपने आयोजन के चौथे संस्करण की ओर बढ़ रहा है। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के मुख्य संयोजन में यह महोत्सव 14 से 20 नवंबर को भारत की सांस्कृतिक राजधानी भोपाल में अपनी रचनात्मक भव्यता और गरिमा के साथ आयोजित होगा। यह जानकारी विश्वरंग के निदेशक और रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने वरिष्ठ संस्कृतिकर्मियों की ओर से दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

उन्होंने बताया कि टैगोर अंतरराष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव 'विश्वरंग' के चौथे संस्करण का आगाज 11 नवंबर 2022 को नई दिल्ली के साहित्य अकादमी हॉल में 'आरंभ' समारोह के साथ होगा।




श्री प्रेमचंद जी सुगन्धी
(1922 - 1976)

एक आदर्श व्यक्तित्त्व।
आपके सिद्धान्त, हमें सदैव प्रेरणा देते हैं।

100वीं जयंती वर्ष : सादर श्रद्धांजलि।
**धर्मपाल प्रेमचन्द लिमिटेड**


सुकेश ने उपराज्यपाल सक्सेना को लिखी चिट्ठी

## शिकायत वापस लेने के लिए दी जा रही है धमकी

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 10 नवंबर।

जेल में बंद कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि उसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, सत्येंद्र जैन और कैलाश गहलोत के खिलाफ अपनी शिकायत वापस लेने के लिए धमकी दी जा रही है। उसने अपना स्थानांतरण किसी और जेल में करने को भी कहा है। चंद्रशेखर के वकील अशोक के सिंह ने यह पत्र उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना को नौ नवंबर को सौंपा था।

चंद्रशेखर ने पत्र में आरोप लगाया कि मेरे पास उनके (आप नेताओं) खिलाफ बहुत महत्वपूर्ण सबूत हैं और वह इसके बारे में बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। वह मुझे और मेरी पत्नी लीना पॉलोज को नुकसान पहुंचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं, जो इसी मामले में मंडोली जेल में बंद हैं। उसने आरोप लगाया कि जेल अधीक्षक और अन्य अधिकारी उसके ऊपर बहुत दबाव डाल रहे हैं और परेशान कर रहे हैं। इसके अलावा जैन मुझे समझौते के लिए प्रस्ताव भेज रहे हैं और यदि मैं स्वीकार नहीं करता तो मुझे और मेरी पत्नी को प्रताड़ित किया जाएगा। पत्र में उसने दावा किया कि जेल प्रशासन पर जैन और केजरीवाल का नियंत्रण है। हालांकि, इन आरोपों पर दिल्ली सरकार या 'आप' की ओर से कोई तत्काल प्रतिक्रिया उपलब्ध नहीं थी। 'आप' ने पहले सभी आरोपों का खंडन कर इसे ध्यान बांटने की रणनीति बताया था।

'आप' ने पहले आरोप लगाया था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गुजरात और दिल्ली में नगर निगम (एमसीडी) चुनावों में हार के डर से चंद्रशेखर को ''स्टार प्रचारक'' के रूप में इस्तेमाल कर रही है। इस मामले में उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा कि बातों को भटकाने की बजाय ये बतायें कि अभी तक जांच में क्या मिला। कुछ नहीं।

## वाहनों पर लगाई गई रोक जारी रहेगी, कोई राहत नहीं

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 10 नवंबर।

प्रदूषण में कमी लाने के इरादे से वाहनों पर लगाई गई रोक अभी कुछ और दिन जारी रहेगी। गुरुवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता वाली बैठक में यह फैसला लिया गया है। इसके तहत बीएस चार श्रेणी के डीजल और बीएस तीन श्रेणी के पेट्रोल वाहनों का प्रयोग दिल्ली में नहीं किया जा सकेगा। इस रोक को हटाने के लिए दिल्ली की कई यूनियन ने सरकार से अपने पाबंदी के फैसले पर पुर्नविचार किए जाने की मांग की थी।

बताया जा रहा है कि दिल्ली एनसीआर में चल रही हवाओं की वजह से गुरुवार को प्रदूषण के स्तर में फौरी राहत हुई है, लेकिन अभी भी प्रदूषण स्तर की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इसलिए सरकार ने फैसला लिया है कि वह वाहनों पर लगी रोक में कोई राहत देने की तैयारी नहीं कर रही है और आने वाले दिनों में प्रदूषण की स्थिति में सुधार होने पर ही इस पर कोई आखिरी निर्णय लिया जाएगा।

मालूम हो कि इस बार दिल्ली व एनसीआर में वायु गुणवत्ता स्तर को बनाए रखने के लिए कार्यबद्ध योजना (ग्रेडेड एक्शन प्लान) को सीधे वायु प्रदूषण स्तर से जोड़ा गया है। जैसे ही इस स्थिति में कोई भी बदलाव होता है तो संबंधित राज्यों को योजना में तय किए गए प्रावधानों को सख्ती से लागू करना होता है।


पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

अंचल कार्यालयः सुरक्षा अनुभाग,
विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ PH: 0522-2728033,

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**पीएनबी अंचल कार्यालय, लखनऊ,** पीएनबी भवनों (एसटीसी–1, एसटीसी–2, पंज विहार आवासीय काम्पलेक्स, अंचल कार्यालय भवन एवं करेसी चेस्ट स्थित अंचल कार्यालय भवन लखनऊ ) में स्थापित फायर फाइटिंग सिस्टम, फायर अलार्म सिस्टम, फायर डिटेक्शन सिस्टम, स्प्रिंकलर सिस्टम, पब्लिक एड्रेस सिस्टम के 24 घंटे मैनिंग सहित संचालन एवं रखरखाव (गैर–व्यापक) के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध हेतु ई– निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण बैंक की वेबसाइट **www.pnbindia.in/tender.aspx** एवं **www.etender.pnbnet.in.** पर उपलब्ध है। बोली जमा करने एवं बोली पुनः एन्क्रिप्शन की अंतिम तिथि 03.12.2022 को 13:00 बजे तक है।। कोई भी शुद्धिपत्र /परिशिष्ट केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे किसी भी अपडेट के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखें। प्राप्त प्रस्तावों को बिना कोई कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार बैंक अपने पास सुरक्षित रखता है।

दिनांक 11.11.2022 उप महाप्रबन्धक


## साहित्य अकादेमी में पुस्तक मेला का आयोजन आज से

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 10 नवंबर।

साहित्य अकादेमी बच्चों में पढ़ने की रूचि को बढ़ावा देने के मकसद से शुक्रवार से यहां अपने परिसर में पहली बार पुस्तक मेले का आयोजन कर रही है। 'पुस्तकायन' नाम से आयोजित आठ दिवसीय मेले में विभिन्न भाषाओं के 65 से ज्यादा बाल लेखक हिस्सा ले रहे हैं। अकादेमी के मुताबिक, 'बाल साहित्य' की थीम पर आयोजित मेले में 30 अहम प्रकाशक भी हिस्सा ले रहे हैं।

अकादेमी के सचिव श्रीनिवास राव ने बृहस्पतिवार को एक बयान में बताया कि 'आजादी का अमृत महोत्सव' के उपलक्ष्य में आयोजित इस पुस्तक मेले का उद्घाटन शुक्रवार को केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। उन्होंने बताया कि पुस्तक संस्कृति और बच्चों में पढ़ने की रुचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अकादेमी 'पुस्तकायन' शीर्षक से इस पुस्तक मेले का आयोजन कर रही है।' राव ने बताया कि आठ दिनों तक चलने वाले इस पुस्तक मेले में अकादेमी बच्चों के लिए कई रोचक और ज्ञानवर्धक सामग्री प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा कि 18 नवंबर तक चलने वाले मेले में बच्चों को 'अपने प्रिय लेखक से मिलिए' कार्यक्रम के अंतर्गत बालस्वरूप राही, दिविक रमेश, क्षमा शर्मा, कमलजीत नीलों, पारो आनंद एवं असद रजा आदि बाल साहित्यकारों से मिलने का अवसर मिलेगा।




एनएचपीसी NHPC

**एनएचपीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
सीआईएनः L40101HR1975GOI032564
सेक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा) भारत

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**30 सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही एवं समाप्त छमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों की विवरणी का सार**

(करोड़ रूपए में)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष |
| | | 30.09.2022 | 30.06.2022 | 30.09.2021 | 30.09.2022 | 30.09.2021 | 31.03.2022 | 30.09.2022 | 30.06.2021 | 30.09.2021 | 30.09.2022 | 30.09.2021 | 31.03.2022 |
| | | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1) | प्रचालनों से कुल आय | 2,887.64 | 2,594.36 | 2,745.44 | 5,482.00 | 4,915.65 | 8,353.80 | 3,366.02 | 2,785.14 | 2,940.63 | 6,151.16 | 5,357.75 | 9,188.78 |
| 2) | कर पूर्व शुद्ध लाभ (असाधारण मदों से पूर्व ) | 1,711.02 | 1,227.21 | 1,589.28 | 2,938.23 | 2,704.35 | 2,776.44 | 2,162.42 | 1,291.31 | 1,721.01 | 3,453.73 | 2,959.18 | 3,217.35 |
| 3) | कर पूर्व शुद्ध लाभ (असाधारण मदों के पश्चात ) | 1,711.02 | 1,227.21 | 1,589.28 | 2,938.23 | 2,704.35 | 2,776.44 | 2,162.42 | 1,291.31 | 1,721.01 | 3,453.73 | 2,959.18 | 3,217.35 |
| 4) | निम्न को आरोप्य अवधि हेतु कर पश्चात शुद्ध लाभ (असाधारण मदों के पश्चात) | | | | | | | | | | | | |
| | –स्वामी | 1,433.08 | 1,049.58 | 1,304.80 | 2,482.66 | 2,217.06 | 3,537.71 | 1,535.60 | 1,039.31 | 1,335.44 | 2,574.91 | 2,243.21 | 3,523.57 |
| | –गैरनियंत्रित ब्याज | - | - | - | - | - | - | 150.21 | 14.45 | 51.37 | 164.66 | 126.46 | 250.76 |
| 5) | निम्न को आरोप्य अवधि हेतु कुल व्यापक आय [लाभ एवं अन्य व्यापक आय सहित (कर पश्चात)] | | | | | | | | | | | | |
| | –स्वामी | 1,447.44 | 1,038.81 | 1,329.60 | 2,486.25 | 2,269.30 | 3,550.47 | 1,549.73 | 1,028.29 | 1,360.27 | 2,578.02 | 2,295.53 | 3,535.36 |
| | –गैरनियंत्रित ब्याज | - | - | - | - | - | - | 149.98 | 14.22 | 51.41 | 164.20 | 126.54 | 249.83 |
| 6) | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/–रू प्रत्येक) | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 |
| 7) | आरक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर) | 25,425.07 | 24,479.88 | 23,520.00 | 25,425.07 | 23,520.00 | 23,441.07 | 26,951.81 | 25,904.24 | 24,988.90 | 26,951.81 | 24,988.90 | 24,875.95 |
| 8) | शुद्ध मूल्य | 35,470.10 | 34,524.91 | 33,565.03 | 35,470.10 | 33,565.03 | 33,486.10 | 36,996.84 | 35,949.27 | 35,033.93 | 36,996.84 | 35,033.93 | 34,920.98 |
| 9) | प्रदत्त ऋण पूंजी | 27,651.73 | 28,207.69 | 24,864.13 | 27,651.73 | 24,864.13 | 28,047.72 | 27,971.88 | 28,340.31 | 24,867.38 | 27,971.88 | 24,867.38 | 28,113.15 |
| 10) | ऋण इक्विटी अनुपात | 0.78 | 0.82 | 0.74 | 0.78 | 0.74 | 0.84 | 0.76 | 0.79 | 0.71 | 0.76 | 0.71 | 0.81 |
| 11) | प्रति शेयर अर्जन (मूल एवं डाइल्यूटिड) - (वार्षिक आधार पर नहीं) (इक्विटी शेयर, अंकित मूल्य 10/–रू प्रत्येक) | | | | | | | | | | | | |
| | –विनियामक स्थगन लेखा शेष में ले जाने से पूर्व (रू में) | 1.27 | 1.02 | 1.26 | 2.28 | 2.13 | 4.79 | 1.31 | 0.99 | 1.29 | 2.30 | 2.14 | 4.71 |
| | –विनियामक स्थगन लेखा शेष में ले जाने के पश्चात (रू में) | 1.43 | 1.04 | 1.30 | 2.47 | 2.21 | 3.52 | 1.53 | 1.03 | 1.33 | 2.56 | 2.23 | 3.51 |
| 12) | पूंजी मोचन आरक्षित | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 |
| 13) | डिबेंचर (बॉण्ड) मोचन आरक्षित | 1,366.25 | 1,366.25 | 1,641.95 | 1,366.25 | 1,641.95 | 1,366.25 | 1,366.25 | 1,366.25 | 1,641.95 | 1,366.25 | 1,641.95 | 1,366.25 |
| 14) | ऋण सेवा कवरेज अनुपात (डीएससीआर) | 6.53 | 5.28 | 5.06 | 5.91 | 5.07 | 3.62 | 7.52 | 5.35 | 5.35 | 6.44 | 5.38 | 3.84 |
| 15) | ब्याज सेवा कवरेज अनुपात (आईएससीआर) | 11.96 | 8.03 | 9.53 | 9.82 | 8.41 | 7.18 | 13.81 | 8.14 | 10.08 | 10.72 | 8.94 | 7.61 |
| 16) | प्रतिभूति प्रीमियम लेखा | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |

**नोट :**
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 एवं 52 के अंतर्गत स्टॉक एक्स्चेंजेज में दाखिल वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। इन वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज की वैबसाइट : www.nseindia.com और www.bseindia.com पर एवं कंपनी की वैबसाइट : www.nhpcindia.com पर उपलब्ध है।
2. आवश्यकतानुसार पिछली अवधि के आंकड़े पुनर्समूहित/पुन:व्यवस्थित किए गए हैं।

एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

हस्ता/-
(राजेन्द्र प्रसाद गोयल)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन–08645380

स्थान : फरीदाबाद
दिनांक : 10 नवंबर 2022

https://www.nhpcindia.com join us :